विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री लाल बिहारी यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-23 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 23(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-प्रतापगढ़, ग्राम-कौलापुर, विकास खण्ड-गौरा तहसील रानीगंज के कौलापुर से पण्डित- यादव- नाई कहार बस्ती सम्पर्क मार्ग लो0नि0 विभाग द्वारा वर्ष 2016-17 में स्वीकृत कार्य के सापेक्ष मिट्टी/गिट्टी का कार्य किया गया है ? | प्रश्नगत मार्ग(लम्बाई-0.700 कि0मी0, लागत रू0-25.88 लाख) की स्वीकृति डॉ0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2016-17 में शासनादेश संख्या-69/2016/ आ0-122/23-9-2016-07स0वि0/ 2016, दिनांक 28 जुलाई, 2016 द्वारा प्रदान की गयी है। कुल 0.700 कि0मी0 लम्बाई में से 0.400 कि0मी0 लम्बाई में लेपन स्तर तक कार्य पूर्ण है। शेष 0.300 कि0मी0 लम्बाई में मार्ग निर्माण हेतु आवश्यक सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है। |
| (ख) उक्त कार्य में विलम्ब के क्या कारण है और कब तक उक्त स्वीकृत कार्य को पूर्ण करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपर्युक्तानुसार। |

जितिन प्रसाद
मंत्री,
लोक निर्माण विभाग।